पंजाब केसरी
04/04/23

# नशे के बुरे परिणामों को लेकर कालेज विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

अम्बाला छावनी, 3 अप्रैल (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कालेज एन.एस.एस. यूनिट द्वारा एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन कालेज परिसर में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने नशे के बुरे परिणामों के बारे में सबको जागरूक करने का संकल्प लिया। संकल्प के साथ ही विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों के वाहनों पर नशा मुक्ति के पोस्टर लगाए, जिसमें नशे से होने वाले असाध्य रोगों के बारे में सचेत किया गया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि हमारे प्रत्येक विद्यार्थी ने संकल्प लिया है कि वे जनता के बीच जाकर आमजन को नशे से होने वाली बीमारियों के बारे में अवगत करवाएंगे। कार्यक्रम अधिकारी डा. धर्मवीर सैनी ने बताया कि हमारे विद्यार्थियों का संकल्प बड़ा ही पवित्र है।

डा. अनीश ने बताया कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना होता है। डा. सरोज बाला ने बताया कि मोर्चे पर तैनात होकर स्वयंसेवकों ने इसमें भाग लिया।



कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की छात्राएं पोस्टर दिखाते हुए। (चंद्रमोहन)